ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow
(Uttar Pradesh State Government University)

संख्या: 3012 /भाविवि / प0नि0का0 / 2025 दिनांक: 27 नवम्बर, 2025

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष / निदेशक,
ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

महोदया / महोदय,

कृपया इस पत्र के साथ संलग्न राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश के पत्र संख्या–8322 / 32–जी0 एस0 / 2025, दिनांक 26.11.2025 का अवलोकन करने का कष्ट करें।

सन्दर्भित पत्र में उल्लेख किया गया है कि विश्वविद्यालय / संस्थानों द्वारा शैक्षणिक सत्रों की नियमित परीक्षा में परीक्षार्थियों द्वारा बिना किसी पुष्ट कारणों के नियमित परीक्षा छोड़ दी जाती है और वही परीक्षार्थी बैक पेपर परीक्षा में सम्मिलित होते हैं जिससे निरन्तर बैक पेपर परीक्षा में परिक्षार्थियों की संख्या में वृद्धि होती है और विश्विद्यालय / संस्थान द्वारा बैक पेपर परीक्षा के आयोजन में अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

उक्त के दृष्टिगत मुझे आपसे यह अनुरोध करने का निदेश हुआ है कि अपने विभाग के छात्र–छात्राओं को प्रत्येक शैक्षणिक सत्र की मुख्य परीक्षा में नियमित रुप से सम्मिलित होने हेतु विभिन्न माध्यमों से प्रोत्साहित करें। इसके पश्चात भी यदि कोई छात्र–छात्रा मुख्य परीक्षा में सम्मिलित नहीं होता है तो उसके पुष्ट कारणों की आख्या अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक : यथोक्त।

भवदीय

27.11.2025

( विकास )
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. वैयक्तिक सहायक, कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के सादर संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. समस्त संकायाध्यक्ष को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. अधिष्ठाता शैक्षणिक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. अधिष्ठाता छात्र कल्याण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

परीक्षा नियंत्रक

ई–मेल द्वारा

# राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0
**लखनऊ–226027**

संख्या:ई– 8322 / 32–जी0एस0 / 2025

दिनांक: 26 नवम्बर, 2025

प्रेषक:

**श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी,
उत्तर प्रदेश।**

सेवा में,

कुलपति / निदेशक

समस्त राज्य विश्वविद्यालय / संस्थान

**उत्तर प्रदेश।**

महोदय,

प्रायः यह संज्ञान में आ रहा है कि विश्वविद्यालयों / संस्थानों द्वारा शैक्षणिक सत्रों की नियमित परीक्षा में परीक्षार्थियों द्वारा बिना किसी पुष्ट कारणों के नियमित परीक्षा छोड़ दी जाती है और वही परीक्षार्थी बैक पेपर परीक्षा में सम्मिलित होते हैं जिससे निरंतर बैक पेपर परीक्षा में परिक्षार्थियों की संख्या में भी वृद्धि होती है और विश्वविद्यालय / संस्थान द्वारा बैक पेपर परीक्षा के आयोजन में अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि आपके विश्वविद्यालय / संस्थान में छात्र / छात्राओं को प्रत्येक शैक्षणिक सत्र की नियमित परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु प्रोत्साहित (Motivate) करें, ताकि अधिक से अधिक परीक्षार्थी मुख्य परीक्षा में सम्मिलित हों।

इसके साथ ही वर्तमान शैक्षणिक सत्र की मुख्य परीक्षा में कितने परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी है? की संख्या से भी इस सचिवालय को अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

**( डॉ. पंकज एल. जानी )**
कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी